# सम्पत्ति कर क्रेडिट्स

वरमोन्ट प्रोपर्टी टैक्स क्रेडिट द्वारा सम्पत्ति कर अदा करने के संबंध में वरमोन्ट में अनेक घर के मालिकों की सहायता की जाती है। यदि आपकी संपत्ति होमस्टेड के रूप में अर्हता के अंतर्गत आती है और आप पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं तो आप अपने संपत्ति कर पर संपत्ति कर क्रेडिट के लिए पात्र हो सकते हैं। स्टेट एजुकेशन सम्पत्ति कर हिस्से के लिए अधिकतम क्रेडिट $5,600 है और म्यूनिसिपल सम्पत्ति कर हिस्से लिए अधिकतम क्रेडिट $2,400 है।

## पात्रता

सम्पत्ति कर क्रेडिट प्रस्तुत करने के लिए, आपके द्वारा निम्नलिखित सभी पात्रता आवश्यकताओं को पूरा किया जाना चाहिए:

- यदि आपकी संपत्ति होमस्टेड के रूप में अर्हता प्राप्त करती है और आप पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करते हैं तो आप अपने संपत्ति कर पर संपत्ति कर क्रेडिट के लिए पात्र हो सकते हैं।
- आप पूरे कर योग्य वर्ष के दौरान वरमोन्ट के निवासी थे।
- आपके लिए किसी अन्य करदाता के आश्रित के तौर पर दावा नहीं किया गया था।
- 1 अप्रैल की स्थिति के अनुसार अपने होमस्टेड के तौर पर आप सम्पत्ति के स्वामी और धारक रहे थे।
- यदि आप इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, सिवाय इसके कि आपकी होमस्टेड को 1अप्रैल को किसी किरायेदार को पट्टे पर दी गई है, तो भी आप इसका होमस्टेड के रूप में दावा कर सकते हैं, बशर्ते कि यह दावे के वर्ष में 182 दिनों से अधिक के लिए पट्टे पर न दी गई हो।
- आप पारिवारिक आय मानदंडों को पूरा करते हैं (चालू वर्ष की आय सीमा के लिए फॉर्म को देखें)।

## कैसे फाइल करें

आपको सम्पत्ति कर क्रेडिट के आवेदन के लिए निम्नलिखित दो फॉर्म्स प्रस्तुत करने होंगे। आप स्टेंडअलोन फाइलिंग के तौर पर myVTax पर अपना दावा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं या आप ऐसा जब आप अपनी वरमोन्ट आय कर रिटर्न प्रस्तुत करते हैं, तब कर सकते हैं।

- फॉर्म HS-122, होमस्टेड डिक्लेरेशन एण्ड प्रोपर्टी टैक्स क्रेडिट क्लेम
- सेक्शन क: होमस्टेड घोषणा
- सेक्शन ख: सम्पत्ति कर क्रेडिट दावा
- अनुसूची HI-144, पारिवारिक आय। अपनी पारिवारिक आय को तय करना सीखें।

कर वर्ष: 2023 अधिकतम पारिवारिक आय:$128,000

कर वर्ष: 2022 अधिकतम पारिवारिक आय:$134,800

कर वर्ष: 2021 अधिकतम पारिवारिक आय:$136,900

कर वर्ष: 2020 अधिकतम पारिवारिक आय:$138,500

कर वर्ष: 2019 अधिकतम पारिवारिक आय:$138,250

कर वर्ष: 2018 अधिकतम पारिवारिक आय:$136,500

कर वर्ष: 2017 अधिकतम पारिवारिक आय:$147,500

कर वर्ष: 2016 अधिकतम पारिवारिक आय:$141,000

# प्रस्तुत करने की तय तिथियां

सम्पत्ति कर क्रेडिट दावा प्रस्तुत करने की तय तारीख, वरमोन्ट आयकर रिटर्न और होमस्टेड घोषणा को प्रस्तुत करने के समान होती है, और जो आमतौर पर 15 अप्रैल होती है। यदि आप अपनी होमस्टेड घोषणा विस्तारित 15 अक्तूबर तय तिथि तक प्रस्तुत करते हैं, तो आप अगले वर्ष 31 मार्च तक की विस्तारित अवधि तक सम्पत्ति कर क्रेडिट प्रस्तुत कर सकते हैं। लेकिन, आपके सम्पत्ति कर क्रेडिट से $150 की प्रोसिसिंग फीस की कटौती की जाएगी। 15 अक्तूबर के बाद, किसी भी सम्पत्ति कर क्रेडिट को टाउन को न भेजकर सीधे घर के मालिक को भेजा जाएगा।

# दावे में संशोधन करना

यदि आप अपने सम्पत्ति कर क्रेडिट दावे के साथ अपनी होमस्टेड घोषणा प्रस्तुत करते हैं, तो आप फॉर्म HS-122, होमस्टेड घोषणा तथा सम्पत्ति कर क्रेडिट दावा तथा HI-144, पारिवारिक आय में निम्नलिखित जानकारी को तब तक संशोधित या परिवर्तित कर सकते हैं, जब तक संशोधनों को अप्रैल में रिटर्न प्रस्तुत करने की तय तारीख के तीन वर्ष के भीतर किया जाता है:

- पारिवारिक आय,
- घर की कीमत,
- घर से जुड़ा शिक्षा कर,
- घर से जुड़ा म्यूनिसिपल कर, और
- स्वामित्व प्रतिशत

यदि आप इलेक्ट्रॉनिक तरीके से संशोधित रिटर्न प्रस्तुत नहीं करते, तो आप लागू वर्ष के लिए पारिवारिक आय में संशोधन के लिए अनुसूची HI-144, पारिवारिक आय का प्रयोग कर सकते हैं। सही पारिवारिक आय दर्ज करें और HI-144 पर **संशोधित** लिखें। डिपार्टमेंट के समक्ष प्रस्तुत की जाने वाली किसी अन्य रिटर्न से अलग, संशोधित HI-144 भेजें।

अपनी रिटर्न निम्नलिखित पते पर भेजें:

**वरमोन्ट डिपार्टमेंट ऑफ टैक्सेज़**

**पी.ओ. बॉक्स 1645**

**मोन्टपेलियर, वीटी 05601-1645**

# कर फॉर्म और मार्गदर्शन

### myVTax निर्देश

- myVTax निर्देशिका होमस्टेड घोषणा या सम्पत्ति कर क्रेडिट को किस प्रकार से प्रस्तुत करें (myVTax Guide How to File a Homestead Declaration or Property Tax Credit Claim)

### कर फॉर्म और निर्देश

आगामी संपत्ति कर वर्ष में करदाता को प्राप्त होने वाली संपत्ति कर क्रेडिट की धनराशि का अनुमान लगाने के लिए करदाताओं और तैयारीकर्ताओं की सुविधा के लिए विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म, निर्देश और संपत्ति कर क्रेडिट कैलकुलेटर के लिए नीचे देखें।

- वरमोन्ट आयकर रिटर्न पुस्तिका: इस पुस्तिका में निम्नलिखित के लिए फॉर्म और निर्देश शामिल हैं: IN-111, IN-112, IN-113, IN-116, HS-122, RCC-146, HI-144 (Vermont Income Tax Return Booklet: This booklet includes forms and instructions for: IN-111, IN-112, IN-113, IN-116, HS-122, RCC-146, HI-144)
- HS-122, HI-144, वरमोन्ट होमस्टेड घोषणा और सम्पत्ति कर क्रेडिट दावा (HS-122, HI-144, Vermont Homestead Declaration AND Property Tax Credit Claim) और निर्देश (Instructions)
- HS-122, सम्पत्ति कर क्रेडिट कैलकुलेटर (HS-122, Property Tax Credit Calculator)
- HS-122W, वरमोन्ट होमस्टेड घोषणा और/या सम्पत्ति कर क्रेडिट विदड्रावल (HS-122W, Vermont Homestead Declaration and/or Property Tax Credit Withdrawal)

### तथ्य पत्रक और मार्गदर्शन

- कर बिल और सम्पत्ति कर समायोजन जानकारी की गोपनीयता (Tax Bills and Confidentiality of Property Tax Adjustment Information)
- वरमोन्ट सम्पत्ति कर क्रेडिट (The Vermont Property Tax Credit)
- वरमोन्ट सम्पत्ति बिल बैकर (Vermont Property Bill)
- वरमोन्ट अनुसूची HI-144: पारिवारिक आय तय करना (Vermont Schedule HI-144: Determining Household Income)
- आवास सब्सिडी अनुबंध के अधीन आवास के मालिकों के लिए वरमोन्ट कर जानकारी (Vermont Tax Information for Owners of Housing Subject to a Housing Subsidy Covenant)
- वैटरन्स और सम्पत्ति कर: आपको क्या पता होना चाहिए (Veterans and Property Taxes: What You Should Know)

### संविधियां, नियम और विनियम

- विनियम § 1.5401(7) होमस्टेड (Regulation § 1.5401(7) Homestead)
- विनियम § 1.5811(11)(A)(i), §1.5401(7), (14), §1.6066(c) निवास (Regulation § 1.5811(11)(A)(i), §1.5401(7), (14), §1.6066(c) Domicile)
- तकनीकी बुलेटिन 20: मृतकों के दावे (Technical Bulletin 20: Claims of Decedents)
- तकनीकी बुलेटिन 51: संशोधित सकल आय अनुसूची HI-144 में समायोजन (Technical Bulletin 51: Adjustment to Modified Gross Income Schedule HI-144)
- *तकनीकी बुलेटिन 56 (समीक्षाधीन): कारोबारी आय को सूचित करना, K-1 आय, किराया आय तथा अनुसूची HI-144 पर पूंजीगत लाभ पारिवारिक आय (Technical Bulletin 56 (Under Review): Reporting Business Income, K-1 Income, Rental Income and Capital Gain on Schedule HI-144 Household Income)*